खुद का उद्यम लगाने के इच्छुक युवाओं के लिए खुशखबरी, यूपी के इन कॉलेजों में शुरू होंगे शार्ट टर्म कोर्स

Jagran |Sat, 27 Nov 2021| www. www.jagran.com|

===

युवाओं को खुद का उद्यम शुरू करने का सिखाएंगे गुर। प्रदेश में इसकी पहल छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर व मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) गोरखपुर ने की है। दोनों ही संस्थानों ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआइआइ) के साथ एमओयू किया है।

लखनऊ, राज्य ब्यूरो। युवाओं को खुद का उद्यम शुरू करने का गुर सिखाने के लिए अब विश्वविद्यालयों में शार्ट टर्म, सर्टिफिकेट कोर्स और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी शुरू होगा। छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स में विद्यार्थियों के साथ-साथ कोई भी व्यक्ति प्रवेश ले सकेगा। प्रदेश में इसकी पहल छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू), कानपुर व मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी), गोरखपुर ने की है। दोनों ही संस्थानों ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआइआइ) के साथ एमओयू किया है। शनिवार को राजधानी में ईडीआइआइ के महानिदेशक डा. सुनील शुक्ल ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को न सिर्फ खुद का उद्यम शुरू करने का पाठ पढ़ाया जाएगा बल्कि उन्हें जरूरी मदद भी दिलाई जाएगी। बैंक से लोन दिलाने से लेकर उद्यम स्थापित करने तक में पूरा मार्गदर्शन दिया जाएगा। दोनों ही विश्वविद्यालयों में शिक्षकों को भी ट्रेनिंग देकर उन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में सीएसजेएमयू, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक भी वर्चुअल जुड़े और उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय हर साल ऐसे विद्यार्थी जो खुद का उद्यम स्थापित कर मिसाल कायम करेंगे उन्हें दीक्षा समारोह में मेडल देंगे। ताकि दूसरे विद्यार्थी भी इससे प्रेरित हो सकें। एमएमयूटी के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि हम नौकरी देने वाले युवा तैयार करने पर जोर देंगे, इसलिए जनवरी 2022 से छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा। वहीं विद्यार्थी एमबीए कोर्स में उद्यमिता विकास को जोड़ा गया है।

https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-short-term-courses-will-be-started-in-csjmu-and-mmmut-for-youth-to-start-their-own-enterprise-in-up-22245228.html?utm_source=referral&utm_medium=WA&utm_campaign=amp_social_share